MR. SPEAKER: The question is large enough to cover Madhya Pradesh, but probably you require notice.

SHRI VASANT SATHE: The question is about a special authority for conversion of barren land into cultivable land. We must have an idea of the acreage of the land I have asked only about that.

SHRI SURJIT SINGH BARLANA: I can give he acreage for the whole country Barren land—23 56 million hectares, culturable waste land 16 86 million hectares

श्रीमती कमला बहुगुणा : मत्री महोदय ने कहा है कि पच्चीस, तीस परसेट ऐसी जमीन है जिसे पैदावार के काबिल बनाया जा सकता है। मै जानना चाहती हू कि अगले दो साल मे कितनी पैदावार के काबिल बनाई जाएगी ?

श्री सुरजीत सिंह बरनाला : यह राज्यो पर निर्भर करता है। काम उन्हीं को करना होता है हम नही करते हैं। एक्जीक्यूट उनके जरिये से होता है।

## Local Printing by Ministries/Departments

668. SHRI MOHAN LAL PIPIL: Will the Minister of WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION be pleased to lay a statement showing:

(a) the total amount spent by the different Ministries/Departments on local printing during the years 1975, 1976 and 1977; and

(b) the steps taken for reducing this expenditure in the coming years by Government?



निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम किंकर) : (क) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

(ख) स्थानीय छपाई के काम को कम करने के लिए उठाये गए मुख्य कदम ये हैं :—

(i) भारत सरकार मुद्रणालयों की मौजूदा छपाई क्षमता मे वृद्धि करना,

(ii) छोटे कार्यों पर लगी रोक को हटाना जहा केवल सीमित सख्या मे प्रतिया छापी जानी होती है।

श्री मोहन लाल पिपिल: किस-किस साल मे कितनी राशि खर्च हुई है इसका उत्तर मत्री महोदय ने यह दे दिया है कि इनफर्मेशन कलैक्ट की जा रही है। मैं कहना चाहता हू कि इस मामले मे करोडो रुपये का गोल-माल है। मै जानना चाहता हू कि कब तक वह इनफर्मेशन कलैक्ट कर लेगे ?

श्री राम किंकर : जैसे ही सूचना आ जाएगी सदन पटल पर रख दी जाएगी।

MR SPEAKER: 10 days notice was given to you

श्री मोहन लाल पिपिल बहुत से भारत सरकार के पास रिप्रिजेंटेशन आए है कि नई प्रैसिस खोली जाये, स्टाफ बढाया जाए। मै जानना चाहता हू कि भारत सरकार इस मामले मे क्या कुछ विचार कर रही है? कितनी और प्रैसिस लगाने का या स्टाफ बढ़ाने का उसका विचार है ताकि यह जो घोटाले हो रहे है इनको रोका जा सके ?

श्री राम किंकर : नई प्रैस खोलने का सवाल नही है। कुछ मशीनें लगा रहे हैं जिससे हमारी प्रैस क्षमता बढ़ जायगी और जो दिक्कत आ जाती है वह दूर हो जाएगी (व्यवधान)।

श्री भानु कुमार शास्त्री मैं निवेदन करना चाहता हूं कि 21 दिन का नोटिस दिया गया है। फिर भी उन्होंने कह दिया है कि सूचना एकत्र कर रहे हैं जब मिल जायगी तब जवाब दे देंगे। दो ढाई महीने सैशन चलेगा तो क्या ये उत्तर भी नही देंगे ? इनको 21 दिन का नोटिस मिलता है।

MR SPEAKER I have mentioned to the Minister that he has sufficient notice and he should have collected the information. Nothing more can be done. He has promised to do that

श्री भानु कुमार शास्त्री जब इन्फर्मेशन आ जाएगी तब क्या ये टेबल पर रख देंगे ?

THE MINISTER OF WORKS AND HOUSING AND SUPPLY AND REHABILITATION (SHRI SIKANDAR BAKHT) This information has not to be collected from the Departments under my Ministry alone All this information has to come from a number of Ministries and Departments and that is why there is delay

MR SPEAKER Next question—669

PROF P G MAVALANKAR There is no supplementary at all!

MR SPEAKER You will get opportunity during the Demands

PROF P G MAVALANKAR We cannot speak on all Demands

SHRI JYOTIRMOY BOSU No doubt you have to get up early in the morning but certainly you have got jet speed today (*Interruptions*)

**शाहपुर परियोजना के अन्तर्गत तावा नदी पर पुल**

671. श्री सुभाष आहूजा : क्या निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या मध्य प्रदेश सरकार ने शाहपुर परियोजना के अन्तर्गत तावा नदी पर पुल के बारे मे कोई प्रस्ताव मजूरी के लिए प्रस्तुत किया है,

(ख) क्या केन्द्रीय सरकार ने इस पुल के निर्माण के लिए मजूरी दे दी है, और

(ग) यदि हा, तो इस पुल पर निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ होगा ?

निर्माण और आवास तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री (श्री सिकन्दर बख्त): (क) और (ख) जी हा। मजूरी 26-5-1976 को जारी की गई थी।

(ग) योजना का राज्य सरकार द्वारा कार्यान्वयन किया जाना है जिसने अभी तक निर्माण कार्य प्रारम्भ नही किया है ?

श्री सुभाष आहूजा : मैं मन्त्री जी से जानना चाहूंगा कि शाहपुर परियोजना के अन्तर्गत बनने वाले पुल के ऊपर कितना खर्च होगा, कितने रुपये की लागत से बनेगा ? और क्या केन्द्रीय सरकार ने मन्जूरी देने के बाद फिर लिखा है कि निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाय ? यदि हा तो मध्य प्रदेश सरकार ने क्या जवाब दिया है ?

श्री सिकन्दर बख्त : 26 मई, 1976 को यह तय किया गया था कि इस पुल के बनने मे जो कुल रकम 6 लाख 93 हजार खर्च होनी है उनका 75 फीसदी यानी 5 लाख 19 हजार 750 रुपये गवर्नमेंट आफ इंडिया देंगी। लेकिन उसमे यह कहा गया था कि पुल की कीमत आखिर मे चल कर चाहे कितनी भी हो गवर्नमेंट आफ इंडिया की सहायता इसी रकम तक सीमित रहेगी। जब यह मन्जूरी दे दी गई तो स्टैट गवर्नमेंट ने इत्तिला दी कि इस पुल की कीमत 10 लाख रु० होगी और उसके थोडे दिन बाद कहा कि 16 लाख रु० होगी, और इस वक्त विचार यह है कि 21 लाख 90 हजार 800 रु० होगी।